Bareilly, Monday
3 October 2022
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 12

दैनिक जागरण inext

PAGE NO 04, MIDDLE

एसआरएमएस ट्रस्ट ने वितरित की साढ़े तीन करोड़ की छात्रवृत्ति

श्रीराम मूर्ति की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Oct): स्वतंत्रता सेनानी, पूर्व मंत्री, पूर्व सांसद स्व. श्रीराममूर्ति की 34वीं पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि समारोह रविवार को एसआरएमएस स्थित श्रीराममूर्ति शतिक प्रेक्षागृह में आयोजित हुआ. श्रद्धांजलि समारोह में केजीएमयू के पीडियाट्रिक सर्जरी विभागाध्यक्ष प्रो. शिव नारायण कुरील, ग्वालियर स्थित राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. साहित्य कुमार नाहर को श्रीराममूर्ति प्रतिभा अलंकरण प्रदान किया गया. सभी को अंगवस्त्र, सर्टिफिकेट और 51 हजार रुपये प्रदान किए गए. सालाना कहानी प्रतियोगिता में विजेताओं को प्रमाण पत्र के साथ नकद राशि प्रदान की गई. माधव राव सिंधिया पब्लिक स्कूल को वाद विवाद प्रतियोगिता के कनिष्ठ वर्ग में और बरेली कालेज को वाद विवाद प्रतियोगिता के वरिष्ठ वर्ग में चल वैजयंती प्रदान की गई. ट्रस्ट के सभी शैक्षिक संस्थानों के मेधावी विद्यार्थियों को 3.5 करोड़ की स्कालरशिप प्रदान की गई.

गेस्ट को सम्मानित करते एसआरएमएस ट्रस्ट के चेयरमैन देवमूर्ति व अन्य.

गांधी-शास्त्री को किया याद

इससे पहले एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थानों में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती मनाई गई. उनके साथ स्वतंत्रता संग्राम सेनानी श्रीराममूर्ति के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित कर ध्वजारोहण किया गया. ट्रस्ट के संस्थापक और चेयरमैन देवमूर्ति ने सभी अतिथियों का स्वागत किया. श्रद्धांजलि समारोह में आए सभी अतिथियों को ट्रस्ट के सचिव आदित्य मूर्ति ने धन्यवाद दिया. इस मौके पर दो दिवसीय ब्लड डोनेशन कैंप में 80 यूनिट रक्तदान हुआ. श्रद्धांजलि समारोह में विधायक शहजिल इस्लाम, भोजीपुरा ब्लाक प्रमुख योगेश पटेल, डीआरएम एनईआर आशुतोष पंत, ट्रस्टी आशा मूर्ति, ऋचा मूर्ति, ट्रस्ट एडवाइजर इंजीनियर सुभाष मेहरा, गुरु मेहरोत्रा, सुरेश सुंदरानी, डा.वंदना शर्मा, डा. अनुराग मोहन आदि रहे.

bareilly@inext.co.in

BAREILLY (2 Oct): राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) को प्रदेश में सबसे पहले एमजेपीआरयू ने लागू किया था. इसके बेहतर क्रियान्वयन के लिए आरयू के डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन ने इस वर्ष से स्नातक वर्ग में बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस) पाठ्यक्रम प्रारंभ किया है. इस पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश शुरू हो चुके हैं. डिपार्टमेंट ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन को 35 वर्षों से एमबीए पाठ्यक्रम चलाने का अनुभव है. इसी अनुभव का इस्तेमाल करते हुए कुलपति प्रो. केपी सिंह ने बीएमएस पाठ्यक्रम विश्वविद्यालय में शुरू कराने का निर्णय लिया है. इस पाठ्यक्रम में स्टूडेंट को तीन वर्षों में जनरल इकोनामिक्स, एकाउंटिंग, बिजनेस लॉ, डाटा स्ट्रक्चर के साथ ही इंटरनेशनल बिजनेस, फॉरेन लैंग्वेज, जीएसटी, वोकेशनल पेपर्स आदि का अध्ययन करने को मिलेगा. अनिवार्य इंडस्ट्री ट्रेनिंग कार्यक्रम के साथ ही औद्योगिक भ्रमण और कम्युनिकेशन स्किल इन्हांसमेंट एक्टिविटी को भी पाठ्यक्रम में शामिल किया गया है.